Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 05 September 2024

Hindustan
Page - 03,05

प्रो. राजवंत राव ने ग्रहण किया कार्यभार

गोरखपुर। प्राचीन इतिहास विभाग के वरिष्ठ आचार्य राजवंत राव ने बुधवार को अधिष्ठाता कला संकाय का कार्यभार संभाल लिया। प्रो. कीर्ति पाण्डेय से उन्होंने अधिष्ठाता कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। वरिष्ठता के चक्रानुक्रम में उन्हें तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है।

छात्रावास के लिए 8 तक करें आवेदन

गोरखपुर। डीडीयू में सत्र 2024-25 के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के छात्रावास आवंटन के लिए 3 सितंबर को पोर्टल खोला जा रहा है। छात्रावास के लिए 8 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। चीफ वार्डेन प्रो. शिवाकांत सिंह ने यह जानकारी दी।

Amar Ujala Select
Page - 04

प्रो. राजवंत बने अधिष्ठाता कला संकाय अधिष्ठाता

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास विभाग के वरिष्ठ आचार्य राजवंत राव ने बुधवार को अधिष्ठाता कला संकाय का कार्यभार संभाल लिया। प्रो. कीर्ति पांडेय से उन्होंने अधिष्ठाता कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। वरिष्ठता के चक्रानुक्रम में उन्हें तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रो. राजवंत ने कहा कि विश्वविद्यालय की संरचना में साधारण समझे जाने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक को असाधारण बनाते हैं। प्रो. राजवंत राव के डीन आर्ट्स बनने पर प्रो. नंदिता सिंह, प्रो. हर्ष सिन्हा, प्रो. एसके सिंह, प्रो. प्रज्ञा चतुर्वेदी, प्रो. दिव्या रानी सिंह, प्रो. विमलेश मिश्र, प्रो. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. सुरेंद्र दूबे, प्रो. चितरंजन मिश्र, प्रो. महेश्वर मिश्र, उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य योगेंद्र नाथ सिंह आदि ने बधाई दी है।

एक साल पूरे होने पर कुलपति को दी बधाई

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन के कार्यकाल को एक वर्ष पूरे होने पर बुधवार को अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के साथ मिलकर कुलपति को बधाई दी। साथ ही उनको एक स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान शोधार्थी खुशबू जायसवाल, दीपिका त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा, एमए तृतीय सेमेस्टर की जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रकृति पटेल, आयुषी राव, श्वेता उपाध्याय उपस्थित रहीं।

Rashtriya Sahara Page - 06, 07

प्रो. रजवंत राव ने ग्रहण किया अधिष्ठाता का कार्यभार

■ गोरखपुर।
सहारा न्यूज ब्यूरो।

विश्वविद्यालय की संरचना में साधारण समझे जाने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक को असाधारण बनाते हैं। यह बात प्रो. राजवंत राव ने बुधवार को अधिष्ठाता, कला संकाय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कहीं।

उल्लेखनीय है कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व अधिष्ठाता प्रो. कीर्ति पाण्डेय के शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से रिक्त हुए पद पर बीते 02 सितंबर 2024 को प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो. रजवंत राव की नियुक्ति हुई है। प्रो. राव पूर्व में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक निकायों में सदस्य रहे हैं। इससे इतर प्रो.राव की पहचान मूलतः इतिहासविद् की है। पुरातात्विक मामलों में विशेष रूचि

■ कहा- साधारण विद्यार्थी ही शिक्षक को बनाते हैं असाधारण

रखने वाले प्रो. राव की तीन महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, जिसमें 'प्राचीन भारत में धर्म और राजनीति' पुस्तक ने विशेष ख्याति हासिल की। उन्होंने सम्पादन के क्षेत्र में भी बड़ा काम किया है। उनकी कई सम्पादित पुस्तकों में सशक्त हस्तक्षेप करने वाली 'भारत का विश्व संस्कृतियों से संवाद' पुस्तक इसी वर्ष लोकार्पित हुई है। उनके दर्जनों लेख व शोधपत्र विभिन्न जर्नल्स प्रकाशित हैं।

आंगनवाड़ी को कुलपति ने किया सम्मानित

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित 43वें दीक्षांत समारोह के आयोजित कार्यक्रम मे विकास खण्ड सरदार नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बघाड़ की वाल

विकास परियोजना विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकत्री गीता पटेल द्वारा गोद लिए हुए गव के आंगनवाड़ी केंद्र स्वास्थ्य, स्वछता रंगोली प्रतियोगिता में मनमोहक रंगोली बनाने के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पूनम टंडन द्वारा सम्मानित किया गया। गीता पटेल को सम्मानित किए जाने पर सीडीपीओ पियूष चंद, सुपरवाइजर मिथिलेश राय, आंगनवाड़ी बाड़ी कार्यकत्री अंजनी पटवा, विद्यावती, किरन सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

Inext Page - 02

Super fast Times

प्रो०राजवंत राव ने ग्रहण किया अधिष्ठाता का कार्यभार

साधारण ही असाधारण : प्रो. राजवंत राव

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। डीडीयू विश्वविद्यालय की संरचना में साधारण समझे जाने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक को असाधारण बनाते हैं यह बात प्रो० राजवंत राव ने बुधवार को अधिष्ठाता,कला संकाय का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कहीं। उन्होंने कहा कि प्रो० कीर्ति पाण्डेय एक शालीन और कर्मठ आचार्य व अधिष्ठाता रही है। डीडीयू की पूर्व अधिष्ठाता प्रो० कीर्ति पाण्डेय के शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से रिक्त हुए पद पर 02 सितंबर 2024 को प्राचीन इतिहास

विभाग के प्रो० राजवंत राव की नियुक्ति हुई। प्रो० राव पूर्व में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक निकायों में सदस्य रहे हैं। वर्तमान में वह अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक हैं। प्रो० राव की पहचान मूलतःइतिहासविद की है। वह पुरातात्विक मसलों में विशेष रूचि रखने वाले प्रो०राव की तीन महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, जिसमें 'प्राचीन भारत में धर्म और राजनीति' पुस्तक ने विशेष ख्याति हासिल की। प्रो० राव पूर्व में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक निकायों के सदस्य रहे हैं। वर्तमान में वह अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक हैं। इससे इतर प्रो० राव की पहचान मूलतः इतिहासविद की है। वह पुरातात्विक मसलों में विशेष रूचि रखने वाले प्रो० राव की तीन महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, जिसमें 'प्राचीन भारत में धर्म और राजनीति' पुस्तक ने विशेष ख्याति हासिल की। उन्होंने सम्पादन के क्षेत्र में भी बड़ा काम किया है। उनकी कई सम्पादित पुस्तकों में सशक्त हस्तक्षेप करने वाली 'भारत का विश्व संस्कृतियों से संवाद' पुस्तक इसी वर्ष लोकार्पित हुई है। उनके दर्जनों लेख व शोधपत्र विभिन्न जर्नल्स प्रकाशित हैं। मौजूदा समय में वह उत्तर प्रदेश सरकार के बड़े प्रोजेक्ट 'सरयू पार का पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक सर्वेक्षण' पर अध्ययन कर रहे हैं। विभाग के प्रो० अजय शुक्ला ने एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के साथ मिलकर कुलपति को बधाई दी और विश्वविद्यालय एवं छात्रों के हित में उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। ये विद्यार्थी अंग्रेजी विभाग की मासिक पत्रिका 'साहित्य विमर्श' के संपादक मंडल के सदस्य भी हैं,जिनकी प्रशंसा हमेशा कुलपति द्वारा की जाती रही है। इन छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने विभागाध्यक्ष प्रो० शुक्ला के साथ कुलपति को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके योगदान के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट की। प्रो० पूनम टंडन ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को नई दिशा मिली है। प्रो० शुक्ला और विभाग के सभी विद्यार्थी उनकी इन उपलब्धियों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर के जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रकृति पटेल, सुस्मिता सिंह, आकर्षिका सिंह, आकांक्षा पांडेय, आयुषी राव, श्वेता उपाध्याय, आनंद सिंह, कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय, आयुष्मान पांडेय और शोधार्थी खुशबू जायसवाल, दीपिका त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहे।

कुलपति के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर विद्यार्थियों ने दी बधाई

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

चार सितंबर 2024 प्रो० पूनम टंडन ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० अजय शुक्ला ने एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के साथ मिलकर कुलपति को बधाई दी और विश्वविद्यालय एवं छात्रों के हित में उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। ये विद्यार्थी अंग्रेजी विभाग की मासिक पत्रिका 'साहित्य विमर्श' के संपादक मंडल के सदस्य भी हैं,जिनकी प्रशंसा हमेशा कुलपति महोदया द्वारा की जाती रही है। इन छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने विभागाध्यक्ष प्रो० शुक्ला के साथ कुलपति को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके योगदान के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट की। प्रो० पूनम टंडन ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को नई दिशा मिली है। प्रो० शुक्ला और विभाग के सभी विद्यार्थी उनकी इन उपलब्धियों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर के जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रकृति पटेल, सुस्मिता सिंह, आकर्षिका सिंह, आकांक्षा पांडेय, आयुषी राव, श्वेता उपाध्याय, आनंद सिंह, कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय, आयुष्मान पांडेय और शोधार्थी खुशबू जायसवाल, दीपिका त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहे।

Nirbhik India Page - 03

प्रो.राजवंत राव ने ग्रहण किया अधिष्ठाता का कार्यभार

गोरखपुर, संवाददाता-

विश्वविद्यालय की संरचना में साधारण समझे जाने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक को असाधारण बनाते हैं. यह बात प्रो. राजवंत राव ने आज अधिष्ठाता, कला संकाय का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कहीं. उन्होंने कहा कि प्रो. कीर्ति पाण्डेय एक शालीन और कर्मठ आचार्य व अधिष्ठाता रही हैं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व अधिष्ठाता प्रो. कीर्ति पाण्डेय के शिक्षा सेवा चयन आयोग में अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से रिक्त हुए पद पर 02 सितंबर 2024 को प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो.राजवंत राव की नियुक्ति हुई. प्रो. राव पूर्व में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं. गोरखपुर विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं. विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक निकायों में सदस्य रहे हैं. वर्तमान में वह अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक हैं. इससे इतर प्रो.राव की पहचान मूलतः इतिहासविद की है. वह पुरातात्विक मसलों में विशेष रूचि रखने वाले प्रो. राव की तीन महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं, जिसमें 'प्राचीन भारत में धर्म और राजनीति' पुस्तक ने विशेष ख्याति हासिल की. उन्होंने सम्पादन के क्षेत्र में भी बड़ा काम किया है. उनकी कई सम्पादित पुस्तकों में सशक्त हस्तक्षेप करने वाली 'भारत का विश्व संस्कृतियों से संवाद' पुस्तक इसी वर्ष लोकार्पित हुई है. उनके दर्जनों लेख व शोधपत्र विभिन्न जर्नल्स प्रकाशित हैं. मौजूदा समय में वह उत्तर प्रदेश सरकार के बड़े प्रोजेक्ट 'सरयू पार का पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक सर्वेक्षण' पर अध्ययन कर रहे हैं. प्रो.राव पुरानी पीढ़ी के आचार्यों में से एक हैं. निजी व अध्यापकीय जीवन में शुचिता का कठोरता से पालन करने वाले प्रो.राव विश्वविद्यालय की चलती आ रही महान परम्परा के मौजूदा अग्रदूत हैं. प्रो. कीर्ति पाण्डेय की मौजूदगी में प्रो.राव ने कार्यभार ग्रहण किया व दोनों ने एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दीं

अंग्रेंजी विभागाध्यक्ष अपने छात्रा-छात्राओं समेत कुलपति गो0वि0 के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देने पहुँचें

गोरखपुर, संवाददाता-

दिनांक 4 सितंबर 2024 को, प्रो. पूनम टंडन ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंग्रेज़ी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के साथ मिलकर कुलपति महोदया को बधाई दी और विश्वविद्यालय एवं छात्रों के हित में उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए गहरा आभार व्यक्त किया।

ये विद्यार्थी अंग्रेज़ी विभाग की मासिक पत्रिका *'साहित्य विमर्श'* के संपादक मंडल के सदस्य भी हैं, जिनकी प्रशंसा हमेशा कुलपति महोदया द्वारा की जाती रही है। इन छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला के साथ कुलपति महोदया को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके योगदान के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट की। प्रो. पूनम टंडन ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को नई दिशा मिली है। विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला और विभाग के सभी विद्यार्थी उनकी इन उपलब्धियों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। आज के इस कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर के जाह्नवी सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रकृति पटेल, सुस्मिता सिंह, आकर्षिका सिंह, आकांक्षा पांडेय, आयुषी राव, श्वेता उपाध्याय, आनंद सिंह, कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय, आयुष्मान पांडेय और शोधार्थी खुशबू जायसवाल, दीपिका त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहे

Khwaza Express

एक वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर कुलपति को विद्यार्थियों ने दी बधाई

गोरखपुर। प्रो0 पूनम टंडन ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंग्रेज़ी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय शुक्ला ने एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के साथ मिलकर कुलपति को बधाई दी और विश्वविद्यालय एवं छात्रों के हित में उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। प्रो0 पूनम टंडन ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास को नई दिशा मिली है। प्रो0 शुक्ला और विभाग के सभी विद्यार्थी उनकी इन उपलब्धियों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर के जाह्नवी सिंह,श्रेया मिश्रा,प्रकृति पटेल,सुस्मिता सिंह,आकर्षिका सिंह,आकांक्षा पांडेय,आयुषी राव,श्वेता उपाध्याय, आनंद सिंह,कुशाग्र मिश्रा, सुधांशु राय,आयुष्मान पांडेय और शोधार्थी खुशबू जायसवाल, दीपिका त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहे।